# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(कटराथल, सीकर–332024)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांक:–प–1 ( )परीक्षा/2020–2021/2206 दिनांक:– 08/4/202

## "बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड./बी.एड./एलएल.एम/डिप्लोमा परीक्षा–2021 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति"

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष /बी.एड. भाग प्रथम व द्वितीय वर्ष /एलएल.एम. भाग प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा (श्रमिक विधि, साइबर विधि, फोरेन्सिक साइन्स) के नियमित एवं पूर्व छात्र परीक्षा 2021 के परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से ऑनलाईन भरने की तिथियां निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बिना विलम्ब शुल्क | 12.04.2021 से 20.04.2021 तक |
| 2. | 100/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 21.04.2021 से 25.04.2021 तक |
| 3. | दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ | 26.04.2021 से 30.04.2021 तक |

नोट:–

1. परीक्षा फार्म भरने की तिथियां आगे नहीं बढ़ाई जायेगी।
2. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से ही होगी। अन्य किसी भी माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा नहीं होगा।
3. परीक्षा फार्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन सावधानीपूर्वक करें।
4. विश्वविद्यालय परीक्षा, 2020 में परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी पिछली कक्षा के अनुक्रमांक से परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
   a. निम्न श्रेणी के परीक्षार्थी फ्रेश परीक्षा फार्म भरेंगे
      i. ऐसे सभी परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय में पहली बार नामांकित हो रहे है अथवा विश्वविद्यालय परीक्षा, 2020 में सम्मिलित नहीं हुऐ थे।
      ii. ऐसे परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय परीक्षा, 2020 में बैठे हैं किन्तु किसी कारणवश रोल नंबर से परीक्षा फार्म ऑपन नहीं हो रहा है।
      iii. आर.एल./यू.एम. घोषित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम यदि किसी कारणवश अभी तक घोषित नहीं हुआ है अथवा डाटा अपडेट नहीं हो सका है (परन्तु वे आवेदन हेतु पात्रता रखते है)।
      iv. किसी कारणवश विश्वविद्यालय नियमानुसार नियमित/पूर्व छात्र से स्वयंपाठी श्रेणी परिवर्तित कर परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले परीक्षार्थी।
5. विश्वविद्यालय में डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे तथा ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र स्वत: निरस्त समझे जायेंगे।

परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन 7742505957, 7427852770 पर सम्पर्क कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, परीक्षा फीस विवरण या महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाइट www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned by CamScanner

क्रमांकः—प—1 ( )परीक्षा/2020—2021/2206 दिनांकः— 08/04/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. अथवा विधि पाठ्यक्रम हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से आवेदन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ—पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करना होगा।
2. महाविद्यालय सुनिश्चित करले कि नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के संकलित परीक्षा आवेदन पत्र सही है एवं दो प्रतियों में मय दस्तावेज ई—मित्र पर जमा शुल्क की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से दिनांक 05.05.2021 तक महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में स्वयं जमा कराना होगा, जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
3. समस्त प्राचार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त बी.एड./विधि महाविद्यालयों को प्रेषित कर आग्रह है कि परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी की उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन—पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन—पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे—परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन—पत्र महाविद्यालय में जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दोनों प्रतियां अलग—अलग बंडल के रूप में विश्वविद्यालय को दिनांक 05.05.2021 तक प्रस्तुत करें। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।
4. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर आग्रह है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा— 2021 हेतु ई—मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करें।
5. निजी सचिव; कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
6. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर आग्रह है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर आदि) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
7. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर।
8. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
9. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
10. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned by CamScanner

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
(कटराथल, सीकर–332024)
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांक:–प–1 ( )परीक्षा/2020–2021/2206 दिनांक:– 08/4/2021

## "बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड./बी.एड./एलएल.एम/डिप्लोमा परीक्षा–2021 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति"

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष /बी.एड. भाग प्रथम व द्वितीय वर्ष /एलएल.एम. भाग प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा (श्रमिक विधि, साइबर विधि, फोरेन्सिक साइन्स) के नियमित/पूर्व छात्रों छात्र परीक्षा 2021 के परीक्षा आवेदन पत्र भर कर डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक 12.04.2021 से आरम्भ की जा रही है।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलॉड करने संबंधी दिशा–निर्देश :–**

**छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर विजिट करें। कृपया आवेदन पत्र भरते समय समस्त प्रविष्ठियां सावधानी पूर्वक भरें। हस्तलिखित अधूरे अथवा गलत भरे आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।**

1. सर्वप्रथम नवीन महाविद्यालय उनको आवंटित कोड से वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपना ई–मेल आई.डी. का रजिस्ट्रेशन करवायेंगे तत्पश्चात उन्हे महाविद्यालय लॉगईन आईडी तथा वन टाईम पासवर्ड उनके पंजीकृत मोबाईल पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के ऑप्सन पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेंगे।
2. महाविद्यालय ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर जमा शुल्क के साथ प्राप्त आवेदन पत्रों को कक्षावार उसी वेबसाईट पर प्रत्येक छात्र के आवेदन पत्र को वेरिफाई बटन पर वेरिफाई करें। संबंधित कक्षा के सभी आवेदन पत्र वेरिफाई होने के पश्चात प्रिंट ऑप्सन पर जाकर नोमिनल रॉल का प्रिन्ट लें। तत्पश्चात नोमिनल रॉल लिस्ट के क्रमानुसार ही परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर नोमिनल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 05.05.2021 तक जमा करवायें।
3. महाविद्यालय ध्यान रखें कि उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
4. नवीन महाविद्यालयों को वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपने महाविद्यालय, संचालित कोर्स, विषयों, विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा अन्यथा परीक्षा आवेदन पत्र भरना संभव नहीं होगा। इसके लिए महाविद्यालय को अपना लॉगईन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड (स्वयं द्वारा निर्मित) उक्त वेबसाईट पर बनाना अनिवार्य होगा।
5. परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण, महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाईड www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है।
6. छात्र संबंधित कक्षा का चयन करने के पश्चात जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर प्रिंट पर क्लिक कर, दो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय कार्यालय के लिए होगी। परीक्षार्थी को तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्कैन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अटैच करना है।

परीक्षा नियन्त्रक
पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी
विश्वविद्यालय सीकर



Scanned by CamScanner

7. (A) नियमित परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से जमा होगा, परीक्षा शुल्क जमा करवाने का अतिरिक्त निर्धारित शुल्क रू. 5/– प्रति परीक्षार्थी द्वारा ई–मित्र को अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदन पत्र की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी–

   (अ) छात्र सर्वप्रथम ई–मित्र के माध्यम से अपनी कक्षा से संबंधित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे।

   (ब) निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिंट लेकर ई–मित्र/ ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर शुल्क जमा करवायें। पुनः वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर लॉगईन कर चालान पर अंकित परीक्षा आवेदन पत्र नम्बर और जन्म तिथि अंकित करके अपने परीक्षा आवेदन पत्र का दो प्रतियों में प्रिंट लें।

   (स) ई–मित्र/ ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा और ई–मित्र /ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होगा। संबंधित ई–मित्र भी यह सुनिश्चित कर लें।

   (द) आवेदनकर्ता अपना परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए संबंधित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क रू. 20/– प्रति परीक्षा आवेदन पत्र एवं वेब कैमरा से फोटो अपलोड करने का निर्धारित शुल्क रू. 5/– परीक्षार्थी द्वारा अलग से देना होगा।

   (य) नियमित परीक्षार्थियों द्वारा ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नकद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

(B) नियमित परीक्षार्थी ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित शुल्क जमा कराने की तिथि से अगले तीन कार्य दिवस तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।

8. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने, त्रुटिसुधार के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करेगा। **ई–मित्र से प्राप्त रसीद के पीछे जमाकर्त्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें।**

9. ऐसे छात्र जो बी.एड. भाग प्रथम के तीन विषयों से अधिक (अनिवार्य/ ऐच्छिक विषय/ प्रायोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण है वे बी.एड. भाग प्रथम के प्रायोगिक सहित सभी विषयों में पूर्व छात्र के रूप में प्रविष्ठ होंगे। साथ ही जो छात्र आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहें उन्हें भी आंतरिक एवं सैद्धान्तिक (Theory And Practical) दोनों में प्रविष्ठ होना अनिवार्य है।

10. संबंधित महाविद्यालय नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र के सावधानी पूर्वक जांच करले। विश्वविद्यालय को अग्रेषित करने के पश्चात किसी भी प्रकार की गलती पायी जाने पर 1000/– रूपये प्रति गलती महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होंगे।

परीक्षा नियन्त्रक
पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी
विश्वविद्यालय, सीकर



Scanned by CamScanner

11. महाविद्यालय यह सुनिश्चित करलें कि बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष/बी.एड. भाग प्रथम व द्वितीय वर्ष/एलएल.एम. भाग प्रथम वर्ष के नियमित छात्र एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा (श्रमिक विधि, साइबर विधि, फोरेन्सिक साइन्स) के नियमित छात्र जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम हैं उन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय स्वीकार नहीं करे तथा विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवायें।
12. भाग प्रथम के नियमित छात्र अथवा फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुसार भरें तथा तकनीकि विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर Attach करेंगे।
13. बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष/बी.एड. प्रथम, द्वितीय वर्ष/एलएल. एम. भाग प्रथम वर्ष के नियमित छात्र एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा (श्रमिक विधि, साइबर विधि, फोरेन्सिक साइन्स) के नियमित/पूर्व छात्र अपने परीक्षा फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय जिसके वे नियमित छात्र हैं/रहे हैं, वहां जमा करायेंगे।
14. बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड./बी.एड. प्रथम के नियमित छात्र 10+2/10+2+3 तथा 2020-21 का आवंटन पत्र, अंकतालिकाऐं संलग्न करें तथा बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष/बी.एड. द्वितीय के छात्र पूर्व की समस्त परीक्षाओं की अंकतालिका जिसमें छात्र प्रविष्ठ हुआ है, संलग्न करें।
15. बी.एड. के पूर्व/बकाया प्रश्न पत्र के छात्र गत वर्ष के अनुक्रमांक से परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे जिसमें संबंधित महाविद्यालय का नाम अंकित होगा, साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले विद्यार्थियों के उक्त विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि हों तो आवश्यक सुधार स्वयं करें।
16. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित शैक्षणिक विषयों/स्पेशल विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।
17. कोई भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में आयोजित होने वाली दो मुख्य परीक्षा में सम्मिलत नहीं हो सकता हैं।

नियमित/पूर्व छात्र परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा, 2021 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क मय स्पोर्ट्स शुल्क निम्नानुसार हैं:–

**FEE PAYABLE FOR B.ED. 2 YEAR COURSES EXAM. 2021**

| S.No. | Particulars | Regular | Ex-Students |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Ed. Pt.-I | 1940/- | 2030/- |
| 2 | B.Ed. Pt.-II | 1940/- | 2030/- |
| 3 | **Due Paper-**<br>One paper<br>Two paper<br>Three Paper (Full Examination Fee) | 840/-<br>1270/-<br>-- | --<br>--<br>-- |
| 4 | Fees for Physically Challenged Students (For above all categories) | 500/- | 550/- |

**FEE PAYABLE FOR LL.M./B.A.-BED./B.SC.-.BED/Diploma COURSES EXAM. 2021**

| S.No. | Particulars | For Regular | For Ex-Student |
|---|---|---|---|
| 1. | B.A.B.ED.-B.SC.B.ED. I-Year | 1760/- | 1840/- |
| 2. | B.A.B.ED.-B.SC.B.ED. II-Year | 1840/- | 2000/- |
| 3. | B.A.B.ED.-B.SC.B.ED. III-Year | 1840/- | 2000/- |
| 4. | B.A.B.ED.-B.SC.B.ED. IV-Year | 1840/- | 2000/- |



परीक्षा नियंत्रक
प. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी
विश्वविद्यालय, सीकर

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | LL.M. Part-I | 1240/- | 1400/- |
| 6. | One Year P.G. Diploma in Labour Law/Forensic Science/Cyber Law | 1240/- | 1400/- |
| | **Due Paper-**<br>One paper<br>Two paper<br>Three Paper (Full Examination Fee) | 840/-<br>1270/-<br>-- | --<br>--<br>-- |
| 7. | Fees for Physically Challanged Students (For above all categories) | 500/- | 550/- |

नोटः–

i. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

ii. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय अपने महाविद्यालय के स्थायी दूरभाष, मोबाईल नं., ई–मेल आईडी एवं फैक्स नं., महाविद्यालय कोड, अध्यापन कराये जाने वाले ऐच्छिक विषय समूह (Subject Combination) एवं (Special Subject) लिखित में विश्वविद्यालय को भेजें।

विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त विधि महाविद्यालयों की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध है। अतः परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधी सूचना उनके प्रवेश पत्र पर उपलब्ध कराई जावेगी।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2020–2021/2206 दिनांकः– 08/4/2021

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
3. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
4. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
5. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर।
6. निजी सचिव, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
7. समस्त अनुभागाधिकारी।
8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक



Scanned by CamScanner